कोठारी इंटरनेशनल स्कूल, नोएडा

सत्रांत परीक्षा 2023-24

कक्षा: 6 , विषय: हिंदी

भाग - 2 वर्णनात्मक प्रश्न, सेट- ए

दिनांक:04-03-24 **निर्धारित समय: 2 घंटे**

नाम: ____________ अनुक्रमांक: __________ अधिकतम अंक: 40

निर्देश -

- **दिए गए प्रश्नपत्र में कुल 3 पृष्ठ हैं एवं प्रश्नों की संख्या 4 है |**
- **प्रश्नपत्र में दो खंड हैं - खंड -क - साहित्य एवं खंड-ख- लेखन |**
- **उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न पत्र को ध्यानपूर्वक पढ़ें |**

खंड क (साहित्य) **22 अंक**

प्रश्न-1- निम्नलिखित प्रश्नों में से <u>किन्हीं पाँच (5) प्रश्नों के उत्तर</u> दीजिए- **(2X5=10)**

I. कविता - 'झाँसी की रानी' में राजवंशों के सिंहासन हिलने का क्या कारण था और उसके बाद उन्होने क्या किया ?
II. पाठ- 'संसार पुस्तक है' में लेखक ने धरती के बारे में किसे और क्या बताया ?
III. पाठ - 'जो देखकर भी नही देखते' में 'प्रकृति का जादू' किसे कहा गया है ?
IV. गांधी जी आश्रम में कौन-कौन से काम करते थे और उनकी मदद कौन करता था ?
V. पाठ-'ऐसे-ऐसे' में डॉक्टर ने मोहन की बीमारी के बारे में क्या बताया और उसके इलाज के लिए क्या किया ?
VI. कविता - 'मैं सबसे छोटी होऊँ' में छोटी बच्ची माँ के ऐसे कौन से काम बताती है जोकि माँ अब उसके लिए नहीं करती ?
VII. पाठ -'ऐसे-ऐसे' में मोहन की माँ के घबराने का क्या कारण था ?

प्रश्न-2- निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हों चार (4) प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए -

(2.5x4=10)

I. कविता - 'झाँसी की रानी' में लक्ष्मीबाई के बचपन के खेलों के बारे में बताया गया है जैसे- घुड़सवारी, नकली युद्ध आदि |आप भी अपने बचपन के खेलों के नाम लिखिए | आपका मनपसंद खेल कौन-सा है?इस खेल से जुड़े लाभ भी लिखिए |

II. पाठ 'ऐसे-ऐसे' में मास्टर जी कहते हैं, "मैं ऐसे-ऐसे बीमारी को खूब पहचानता हूँ|" आपको क्या लगता है कि मास्टर जी ऐसा क्यों कहते हैं ? क्या सचमुच बच्चे काम से बचने के लिए बहाने बनाते हैं ? बहाने बनाने की आदत पड़ जाने से बच्चों के जीवन पर क्या प्रभाव पड़ता है ? लिखिए |

III. पाठ - 'नौकर' में गाँधी जी नौकरों को अपने परिवार के सदस्य के समान सम्मान देने की बात करते हैं | उनका ऐसा कहना कहाँ तक उचित है ? आप अपने घर में काम करने वाले लोगों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं ? उनके द्वारा कोई गलती होने पर आप तथा आपके परिवार के सदस्य क्या करते हैं ? लिखिए |

IV. पाठ - 'संसार पुस्तक है' में लेखक ने अपनी पुत्री को अनेक पत्र लिखेँ और संसार की जानकारी दी | पुराने समय में पत्र ही क्यों लिखे जाते थे ? हाथ से लिखे जाने वाले पत्रों का आज के समय में क्या महत्व है , सोचकर लिखिए |

V. पाठ- 'जो देखकर भी नहीं देखते' में लेखिका कहती है ,"मेरा मन प्रकृति की सुंदरता देखने के लिए मचल उठता है |" वे ऐसा क्यों कहती हैं? क्या आपके साथ कभी ऐसा हुआ है कि लेखिका की तरह आप भी किसी चीज़ के लिए मचल उठे हों और उसे प्राप्त न कर सके हों , तब आप के मन में क्या-क्या विचार आए ? सोचकर लिखिए |

VI. पाठ - 'ऐसे-ऐसे' में मोहन अगर पेट दर्द का बहाना न बनाता तो क्या होता ? आप भी गृहकार्य न करने की स्थिति में या अन्य किसी काम से बचने के लिए कौन-कौन से बहाने बनाते हैं ? लिखिए |

प्रश्न-3- सुलेख लिखिए - **(2)**

परीक्षा का समय तीन घंटे तय होता है । इन तीन घंटों का एक-एक क्षण विद्यार्थी के लिए कीमती होता है। प्रश्न-पत्र को अच्छी तरह समझकर हल करना और भी कठिन कार्य होता है। किसी प्रश्न या प्रश्नों का उत्तर लंबा लिख दिया तो अन्य प्रश्न छूटने का भय मन में बना रहता है। उत्तर प्रश्नों के अनुसार न दिए तो अंकों के कम मिलने की आशंका रहती है। विचारों को व्यक्त करने के लिए भाषा अनुकूल न बनी, तो भी गड़बड़ होने की आशंका होती है। इन से बचने के लिए समय प्रबंधन का अभ्यास करना चाहिए |

खंड ख (लेखन) **(18)**

प्रश्न-4- दिए गए विषयों पर अपने विचार लिखिए - **(6X3=18)**

I.निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 8-10 पंक्तियों का अनुच्छेद लिखिए -

'सोशल मीडिया का प्रयोग'

अथवा

'हाय री ! सर्दी और ये पढ़ाई'

II. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 8-10 संवाद लिखिए -

'शहर में स्वच्छता' पर दो छात्रों के बीच

अथवा

पिज़्ज़ा और आलू के पराँठे के बीच

III. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए -

अपने विद्यालय के क्लब के बारे में बताते हुए अपने मित्र को

अथवा

आपकी कक्षा में एक दिव्यांग छात्र आया है | उसकी मदद के लिए आपने जो प्रयास किए , उसके बारे में बताते हुए अपनी माता को पत्र लिखिए |